अपराध

कटंगी में फर्जी बैंक खातों का खेल, युवाओं के नाम से खाते खुलवाकर खुद करते थे लेन-देन

# 'श्रीराम सेना' के नाम पर ठगी के आरोप

**नवभारत कटंगी।** कटंगी में आस्था की आड़ में फर्जी बैंक खाते खुलवाकर ठगी और गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने पुलिस थाना कटंगी में पहुंच कर शिकायत देकर विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि दोनों आरोपी खुद को 'श्रीराम सेना' नामक अपंजीकृत संगठन का नगर अध्यक्ष और नगर मंत्री बताते हैं और इसी नाम पर क्षेत्र में गुंडागर्दी कर समाज में वैमनस्य फैला रहे हैं।

## एचडीएफसी बैंक में फर्जी खातों का आरोप

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को 'अखाड़े के लिए चंदा' के बहाने बरगलाकर एचडीएफसी बैंक शाखा कटंगी में उनके नाम से बैंक खाते खुलवाए। लेकिन खातों की पासबुक और ज्ञरू कार्ड खाताधारकों को नहीं दिए गए। आरोप है कि आरोपी खुद ही इन खातों से लेन-देन कर रहे थे और खाताधारकों को इसकी जानकारी तक नहीं थी। शिकायत में जय मोहरसिया, धनंजय नेवारे, देवाजी नेवारे, योगेश राहंगडाले, कृष्णा हांडे, प्रवेश बिझाड़े, भावेश नेवारे सहित अन्य युवाओं के नाम शामिल हैं।



## पूछने पर हुई थी मारपीट

सिवनी रोड निवासी आयुष नेवारे, 21 वर्ष ने जब अपने खाते में हो रहे लेन-देन के बारे में सवाल किया तो आरोपियों ने उससे जानकारी छिपाई। विरोध करने पर विकास सूर्यवंशी, सागर पंजवानी और उनके साथियों ने आयुष के घर में घुसकर गाली-गलौच, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पहले भी कटंगी थाने में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है।

### आस्था के नाम पर गुंडागर्दी, पुलिस जांच में जुटी

शिकायतकर्ताओं ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों पर आस्था के नाम पर गुंडागर्दी, मारपीट, धमकाने और साइबर अपराध का मामला दर्ज कर जांच की मांग की है। साथ ही संदिग्ध खातों में हुए लेन-देन की भी जांच कराई जाने की मांग की गई है। कटंगी पुलिस को शिकायत देने के लिए शिकायत कर्ताओं के साथ प्रवीण खोबरागड़े, सागर कठौते, आयुश नेवारे, भावेश नेवारे चमन डोंगरवार, अंकीत भालेकर, सत्यम मेश्राम, विनय सकरे, राहुल मसुलकर, अभिषेक पारधी, सहित अन्य सैकड़ा भर नागरिक उपस्थित थे। वहीं थोड़ी देर पश्चात दुसरा पक्ष भी अपने साथियों के साथ कटंगी थाने में पहुंच कर थाना प्रभारी को लिखीत आवेदन कर सिकायत को झुठी बताते हुए कहा कि हम को बदनाम करने की साज़िश रचने का प्रयास कर बदनाम कीया जा रहा है कहकर दुसरे पक्ष पर भी आरोप लगाये गये कटंगी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ईतवारी बाजार में जर्जर दुकान को किया गया ध्वस्त

जनसुरक्षा के मद्देनजर नगर पालिका की कार्रवाई



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट शहर के ईतवारी बाजार क्षेत्र में स्थित एक जर्जर दुकान को मंगलवार, 14 जुलाई को नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से ध्वस्त (डिस्मेंटल) किया गया। यह कार्रवाई पूर्व में जारी किए गए नोटिस के पालन में नगर पालिका के अमले द्वारा की गई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि संबंधित भवन मालिक को जर्जर दुकान को हटाने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया गया था। भवन की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे मशीनों की सहायता से डिस्मेंटल किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऐसे सभी जर्जर भवनों की पहचान की जा रही है, जिनसे जनहानि की आशंका है। चिन्हित भवनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

नगर पालिका बालाघाट ने भवन स्वामियों से भी अपील की है कि यदि उनकी इमारतें जर्जर अवस्था में हैं, तो उन्हें समय रहते सुरक्षित कराएं अथवा स्वयं हटाने की कार्रवाई करें, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

एक नजर में

## लापरवाही बरतने पर कृषि विस्तार अधिकारी सलील दीक्षित निलंबित

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने कृषि विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही एवं लक्ष्य पूर्ति में असंतोषजनक प्रगति पाए जाने पर विकासखंड कटंगी के कृषि विस्तार अधिकारी सलील दीक्षित (क्षेत्र देवरी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी निर्धारित किया गया है। 16 मई 2026 को आयोजित विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सुपर सीडर, बेलर, स्प्रिंकलर, पाइपलाइन, एआईएफ तथा जे-फार्म पंजीयन जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों के विरुद्ध श्री सलील दीक्षित की शून्य प्रगति पाई गई थी। इसके अलावा स्वाइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी योजना के तहत वर्ष 2026-27 में मिट्टी के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला भेजने के निर्धारित 70 के लक्ष्य के मुकाबले केवल 21 नमूनों की ही प्रगति दर्ज की गई। किसानों को वितरण हेतु तिल एवं उड़द बीज का निर्धारित लक्ष्य भी श्री दीक्षित द्वारा पूरा नहीं किया गया।

## जिला पंचायत की कृषि समिति की बैठक आज

**नवभारत, बालाघाट।** आज 15 जुलाई को जिला पंचायत की कृषि समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। समिति के सभापति टामेश्वर पटले की अध्यक्षता में आयोजित समिति की यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 01 बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही उद्यानिकी, मत्स्योद्योग, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की भी समीक्षा की जायेगी। समिति के सभी सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचित कर दिया गया है।

## बालाघाट में 19 जुलाई तक हल्की वर्षा और गरज-चमक के आसार

**नवभारत, बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिले में 15 से 19 जुलाई 2026 के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस अवधि में मध्यम बादल छाए रहने, हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# ग्रामीण अंचल के 85 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित

जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे ने किया पौधरोपण

**नवभारत, परसवाड़ा।** शिक्षा के प्रति सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं क्षेत्रीय आदिवासी नेता दलसिंह पंद्रे ने परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम बड़गांव स्थित माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत करीब 85 छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन एवं पेंसिल का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण भी किया गया तथा उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दलसिंह पंद्रे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। जानकारी मिली थी कि विद्यालय के कुछ विद्यार्थी आर्थिक कारणों से आवश्यक शिक्षण सामग्री नहीं खरीद पा रहे हैं। विद्यालय के सभी बच्चों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे।



उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे जितना अर्जित और उपयोग किया जाए, उसका मूल्य उतना ही बढ़ता है। बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी अपील की कि वे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की पढ़ाई में सहयोग के लिए आगे आएं।

# 30 जुलाई तक चलेगा नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान

जनभागीदारी से नशामुक्त समाज बनाने का आह्वान

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में 15 से 30 जुलाई 2026 तक संचालित होने वाले 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान के सफल संचालन को लेकर मंगलवार 14 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल से लाइव संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, पुलिस उप महानिरीक्षक विनीत जैन, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय, डीएसपी (आईजी कार्यालय) राजाराम धाकड़, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम बिसेन, एसडीएम गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जनआंदोलन है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है। जिस प्रकार डकैतों और नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई, उसी तरह अब हर प्रकार के नशे पर रोक लगाने के लिए ड्रग माफिया, तस्करों और नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण अभियान है, जिसकी सफलता के लिए सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों का सहयोग भी आवश्यक है। बैठक की शुरुआत में पुलिस विभाग द्वारा अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई।

# जनसुनवाई में सुनीं गईं 177 आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत, बालाघाट।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 14 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव तथा एसडीएम गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 177 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।



किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम बेलगांव निवासी फगनी दशमेर नाली बंद किए जाने की शिकायत लेकर आयी थी। उसका कहना था कि पड़ोसी शिवा बिसेन एवं नंदलाल शेंद्रे द्वारा नाली में मिट्टी-मुरम डालकर उसे बंद कर दिया गया है, जिससे फगनी के घर के सामने बरसात का पानी जमा हो रहा है। उन्होंने जलभराव से संक्रामक बीमारियों के फैलने और मकान को नुकसान होने की आशंका जताई है। फगनी ने तत्काल नाली की सफाई कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रकरण में तहसीलदार किरनापुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बालाघाट निवासी संजय राव शिकायत लेकर आये थे कि श्रम आयुक्त के आदेश के बाद भी उन्हें औद्योगिक विवाद के तहत 2 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान नही किया गया है। संजय ने बताया कि श्रम आयुक्त कार्यालय के आदेश के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी को 02 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान करना था। किंतु आदेश जारी होने के बाद भी उसे आज तक राशि का भुगतान नहीं किया गया। कई बार संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस प्रकरण में तहसीलदार बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

डायरिया रोको अभियान : लांजी-पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण

# लालबर्रा क्षेत्र के छह गांवों में हैंडपंपों की मरम्मत

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत मंगलवार, 14 जुलाई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के लांजी उपखंड एवं लालबर्रा विकासखंड की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया।



अभियान के दौरान ग्राम अमेडा प., कुम्हारीकला, ओटे कसा, डोंगरगांव, गणेशपुर एवं बहियाटिकुर में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें पुन: सुचारु किया गया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन गांवों के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स (क्लोरीनीकरण) डाला गया। पीएचई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्लोरीनीकरण से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं एवं कीटाणुओं का नाश होता है, जिससे डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलती है। विभाग ने कहा कि डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में पेयजल स्रोतों की नियमित निगरानी, हैंडपंपों का रखरखाव तथा क्लोरीनीकरण का कार्य लगातार जारी रहेगा, ताकि वर्षाकाल में जलजनित रोगों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

# सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर कलेक्टर सख्त

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने मंगलवार 14 जुलाई को कृषि, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की लंबित 17 शिकायतों की समक्ष में सुनवाई कर प्रकरणों की वस्तुस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान 4 शिकायतों का तत्काल निराकरण कर उन्हें बंद कराया गया, जबकि शेष शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर श्री मीना ने शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब एवं पोर्टल पर गलत या अपूर्ण जवाब दर्ज करने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 200 दिनों से अधिक समय से लंबित सात शिकायतों की सुनवाई के दौरान परसवाड़ा के ग्राम डोंगरिया की सुकवंती मरकाम, लालबर्रा के नंदकिशोर देवाहे तथा वारासीवनी के ग्राम कोचेवाही की मोनिका द्वारा नसबंदी ऑपरेशन असफल होने पर मुआवजे की मांग की गई थी।

# नेशनल फिश फार्मर्स-डे पर मत्स्य पालन के महत्व पर हुआ कार्यक्रम

**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नेशनल फिश फार्मर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेडाम एवं प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत मण्डाले ने कहा कि मत्स्य पालन स्वरोजगार का एक प्रभावी माध्यम होने के साथ-साथ पौष्टिक आहार का महत्वपूर्ण स्रोत भी है। इससे न केवल आर्थिक लाभ प्राप्त होता है, बल्कि शरीर को आवश्यक पोषण भी मिलता है।



विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र कुमार डोंगरे ने अपने संबोधन में कहा कि कुपोषण से मुक्ति पाने के लिए भोजन में मछली को शामिल करना चाहिए। श्रीमती टीना रहांगडाले, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) ने कहा कि मत्स्य पालन ऐसा व्यवसाय है, जिसे महिलाएं भी सफलतापूर्वक अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। डॉ. संतोष बिसेन, अतिथि विद्वान (प्राणीशास्त्र) ने कहा कि महिलाओं एवं पुरुषों की पोषण संबंधी आवश्यकताएं भिन्न होती हैं, लेकिन मछली एक ऐसा पौष्टिक खाद्य पदार्थ है जो दोनों की पोषण आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक है। कार्यक्रम में हेमंत कुमार गणवीर, कृष्णा पराते, हिमांशु गुरदे, कु. नेहा मर्सकोले, डॉ. योगेश बिसेन, डॉ. तपेश चैरे, कु. शिखा देवगीरकर, श्रीमती शिल्पा वासनिक एवं पराग पालेवार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शिविर

बैहर में मेगा डेंटल चेकअप कैंप आयोजित

# 15 विद्यालयों के 1500 विद्यार्थियों का हुआ दंत परीक्षण

**नवभारत न्यूज बैहर।** डिस्ट्रिक्ट डेंटल एसोसिएशन (डीटीए) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में विशाल विद्यार्थी दंत परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संकुल केंद्र के अंतर्गत 15 शासकीय एवं निजी विद्यालयों के लगभग 1500 छात्र-छात्राओं का विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया।

डिस्ट्रिक्ट डेंटल एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष डॉ. मीरा अरोरा ने बताया कि यह शिविर श्री त्रिलोकचंद-श्रीमती शांति देवी कोचर ट्रस्ट, दृष्टि फाउंडेशन बालाघाट एवं विभिन्न फार्मा कंपनियों के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित 17 दंत चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की तथा उन्हें दांतों की स्वच्छता एवं मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को टूथब्रश, टूथपेस्ट एवं आवश्यकता अनुसार दवाइयों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया।



शिविर में शासकीय मॉडल स्कूल, पीएमश्री कन्या शाला, माध्यमिक शाला आबकारी टोला, कम्पाउंडर टोला, रौंदाटोला, शासकीय अंग्रेजी आश्रम शाला, चक्रवर्ती पब्लिक स्कूल, लिटिल किंगडम स्कूल, विवेक ज्योति स्कूल, मिशन स्कूल, विवेकानंद स्कूल, परिवर्तन मिशन स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, टैगोर पब्लिक स्कूल तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सहित कुल 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के द्वारा प्रदत्त भावातित ध्यान पांच दिवसीय कार्यक्रम का सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल बालाघाट में 13 जुलाई दिन मंगलवार को षुभारंभ किया गया। षिविर में षाला के छात्र-छात्राओं एवं षिक्षक-षिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक ध्यान, एकाग्रता और आंतरिक संतुलन से जुड़े विभिन्न अभ्यास किए। सर्वप्रथम इसमें सरस्वती पूजन एवं गुरु परंपरा को माल्यार्पण कर गुरु परंपरा की पूजा की गई जो कि महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य श्री सतीश चैरसिया जी एवं तुमसर से पधारे प्राचार्य श्री हरिओम दुबे जी एवं सभी ध्यान शिक्षकों के द्वारा पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या कु. पूर्णिमा देशमुख द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का एक पेड़ देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात सर्वप्रथम महर्षि जी के पावन वचनों को जन-जन तक सतीश चैरसिया जी द्वारा पहुंचाया गया एवं हरिओम दुबे द्वारा भी महर्षि जी के जीवन परिचय एवं भावतित ध्यान पर चर्चा की गई साथ में भावातित ध्यान के शिक्षक श्री मनोज ज्योतिषी, सुनीता तिवारी, रमेश कवरे स्वाति द्वारा भावातित ध्यान पर प्राथमिक भाषण व तैयारी भाषण दिया गया, तत्पश्चात सभी ध्यानियों को मनोज ज्योतिषी द्वारा ध्यान कराया गया। इसमें महर्षि जी के विश्व शांति हेतु इन स्कूलों में जाकर तथा आवर्त ज्ञान एवं महर्षि जी के जीवन को जन-जन तक पहुंचाने का हम लोगों ने प्रयास किया तथा हम लोग महर्षि महेष योगी जी द्वारा प्रदत्त भावातित ध्यान कार्यक्रम एवं उनके द्वारा रचित पुस्तकों के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया।

